हर इंसान – एक समान | एक राष्ट्र – एक जान | मेरा भारत महान

# समता आन्दोलन समिति (रजि.)

प्रान्तीय कार्यालय : जी–3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9–10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

(पंजीकृत कार्यालय : 39, रामनगर–सी, झोटवाडा, जयपुर)

website : www.samtaandolan.co.in    e-mail : samtaandolan@yahoo.in

| मानननीय श्री पानाचन्द जैन | माननीय श्री अमिताभ गुप्ता | माननीय श्री अशोक कुमार सिंह | माननीय श्री भागीरथ शर्मा |
|---|---|---|---|
| संरक्षक (पूर्व न्यायाधिपति) | संरक्षक (पूर्व पुलिस महानिदेशक) | संरक्षक (पूर्व मेजर जनरल) | संरक्षक (पूर्व आई.ए.एस) |



हमारे प्रेरणा पुंज: पं0 जवाहरलाल नेहरू
'जातिगत आरक्षण के रास्ते चलना मूर्खता ही नहीं, विध्वंसकारी है।'
(27 जून 1961 को प्रधानमंत्री के रूप में मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र से साभार)

**श्री इकराम राजस्थानी**
सलाहकार , मो. 98290– 78682

**पाराशर नारायण शर्मा**
अध्यक्ष, मो. 94133–89665

**राम निरंजन गौड**
महासचिव, मो. 94144–08499

**ललित चाचाण**
कोषाध्यक्ष,मो. 94140–95368

**प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :–**

जयपुर
**योगेन्द्र मेघसर**
(मुख्य लेखाधिकारी)
मो. 9166494225

अजमेर
**एन. के. झामड**
(अधिशाषी अभियन्ता)
मो. 9414008416

बीकानेर
**वाई. के. योगी**
मो. 9414139621

भरतपुर
**हेमराज गोयल**
(सेवानिवृत अधीक्षण अभियन्ता)
मो. 9460926850

जोधपुर
**प्रहलाद सिंह राठौड**
(पूर्व आर.ए.एस)
मो. 9414085447

कोटा
**अजय चतुर्वेदी**
(अधिशाषी अभियन्ता)
मो. 9413385665

उदयपुर
**दूल्हा सिंह चूंडावत, एडवोकेट**
(कार्य. प्रदेशाध्यक्ष– क्षत्रिय महासभा राज.)
मो. 9571875488

**जे.एस. राजावत**
संरक्षक : समता ज्योति (मासिक –पत्र)
मो. 9314962106

---

क्रमांक 33130 – 33430    दिनांक : 23.01.2016

श्रीमान —————————,
संभाग / जिला / तहसील अध्यक्ष,
समता आन्दोलन ——————— ।

विषयः– कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के पुतला दहन दिनांक 16.02.2016 को किया जावे– कार्य योजना।

महोदय,

आप जानते है कि गुजरात हाईकोर्ट के राष्ट्रवादी न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले राज्यसभा के कांग्रेसी सांसदों के विरूद्ध हमारे ज्ञापन पर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा अब तक कोई कार्रवाही नहीं की गई है। अतः पूर्व घोषणा के अनुसार राजस्थान के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालय पर दिनांक 16 फरवरी, 2016 को लंच समय में कलेक्टर/एसडीएम मुख्यालय पर श्रीमती सोनिया गांधी के पुतले जलाने का कार्यक्रम निश्चित किया गया है। आप कृपया निम्न कार्य योजना पर पूरे उत्साह से अमल करके इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनावेः–

1. कांग्रेस के जिला एवं ब्लॉक तहसीलों के अध्यक्ष को श्रीमती सोनिया गांधी के नाम लिखित ज्ञापन शिष्टमण्डल के साथ जाकर सौंपे। ज्ञापन की प्रति संलग्न है।
   अ. जिला कांग्रेस अध्यक्षों को दिनांक 30 जनवरी, 2016 को
   ब. तहसील कांग्रेस अध्यक्षों को दिनांक 31 जनवरी, 2016 को
   ज्ञापन देते समय फोटो लेवें तथा फोटो सहित प्रेस विज्ञप्ति जारी करें और अखबारों में छपी खबरों की प्रति प्रदेश मुख्यालय को भेजे।
2. जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर वकीलों और आम नागरिकों को कम से कम एक–एक हजार पम्पलेट वितरित करना तथा पुतला दहन कार्यकम में आने का आमंत्रण देना। पम्पलेट का प्रारूप संलग्न है। अपने स्तर पर छपवायें और बंटवाते समय फोटो खिचकर फोटो सहित प्रेस विज्ञप्ति जारी करे। अखबारों में छपी खबरों की प्रेस क्लिप्स प्रदेश मुख्यालय को भेजे।
   अ. जिला मुख्यालयों पर पम्पलेट वितरण दिनांक 05 फरवरी, 2016
   ब. तहसील मुख्यालयों पर पम्पलेट वितरण दिनांक 06 फरवरी, 2016
3. जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यकम की जानकारी देने के लिए प्रेस कांफ्रेंस करना। प्रेस कांफ्रेस के लिए प्रेस नोट का प्रारूप संलग्न है।
   अ. जिला मुख्यालयों पर प्रेस कांफ्रेंस दिनांक 13 फरवरी, 2016
   ब. तहसील मुख्यालयों पर प्रेस कांफ्रेंस दिनांक 14 फरवरी, 2016
   प्रेस कांफ्रेंस की प्रेस कवरेज की प्रेस क्लिप्स कृपया प्रदेश मुख्यालय को भेजे।
4. पुतला दहनः– दिनांक 16 फरवरी 2016 को लंच समय में सभी जिला कलेक्टर एवं तहसील एसडीएम मुख्यालय के सामने या प्रमुख स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला दहन किया जावे। जिसकी फोटो सहित प्रेस विज्ञप्ति जारी करके अखबारी खबरों की प्रेस क्लिप्स प्रदेश मुख्यालय भेजी जावे।

सभी संभाग, जिला एवं तहसील पदाधिकारियों से निवेदन है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में पूरा सहयोग करे तथा अधिकतम संख्या जुटावे। धन्यवाद।

भवदीय,

( पाराशर नारायण )
अध्यक्ष

हर इंसान – एक समान | एक राष्ट्र – एक जान | मेरा भारत महान

# समता आन्दोलन समिति (रजि.)

प्रान्तीय कार्यालय : जी–3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9–10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

(पंजीकृत कार्यालय : 39, रामनगर–सी, झोटवाडा, जयपुर)

website : www.samtaandolan.co.in | e-mail : samtaandolan@yahoo.in

| माननीय श्री पानाचन्द जैन | माननीय श्री अमिताभ गुप्ता | माननीय श्री अशोक कुमार सिंह | माननीय श्री भागीरथ शर्मा |
|---|---|---|---|
| संरक्षक (पूर्व न्यायाधिपति) | संरक्षक (पूर्व पुलिस महानिदेशक) | संरक्षक (पूर्व मेजर जनरल) | संरक्षक (पूर्व आई.ए.एस) |



हमारे प्रेरणा पुंजः पं0 जवाहरलाल नेहरू
'जातिगत आरक्षण के रास्ते चलना मूर्खता ही नहीं, विध्वंसकारी है।'
(27 जून 1961 को प्रधानमंत्री के रूप में मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र से साभार)

श्री इकराम राजस्थानी
स[illegible]ार, मो. 98290–78682

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 94133–89665

राम निरंजन गौड़
महासचिव, मो. 94144–08499

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष,मो. 94140–95368

प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :–

जयपुर
योगेन्द्र मेघसर
(मुख्य लेखाधिकारी)
मो. 9166494225

अजमेर
एन. के. झामड़
(अधिशाषी अभियन्ता)
म[illegible]414008416

बीकानेर
वाई. के. योगी
मो. 9414139621

भरतपुर
हेमराज गोयल
(सेवानिवृत अधीक्षण अभियन्ता)
मो. 9460926850

जोधपुर
प्रहलाद सिंह राठौड़
(पूर्व आर.ए.एस)
मो. 9414085447

कोटा
अजय चतुर्वेदी
(अधिशाषी अभियन्ता)
मो. 9413385665

उदयपुर
दूल्हा सिंह चूंडावत, एडवोकेट
(कार्य. प्रदेशाध्यक्ष– क्षत्रिय महासभा राज.)
मो. 9571875488

जे.एस. राजावत
संरक्षक : समता ज्योति (मासिक –पत्र)
मो. 9314962106

क्रमांक 31231–32021 दिनांक : 19.12.2015

श्रीमती सोनिया गांधी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
नई दिल्ली ।

विषय :– कांग्रेस की राष्ट्राध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला दहन की सूचना।
संदर्भ :– कांग्रेसी सांसदों को देशद्रोह/राष्ट्रद्रोह करने से रोकने की प्रार्थना।

महोदया,

कृपया इस आवेदन के साथ संलग्न राजस्थान पत्रिका(19.12.2015) एवं दैनिक भास्कर (19.12.2015) की प्रेस क्लिपिंग का अवलोकन करें जिससे सूचित होता है कि कांग्रेस के अनेक राज्यसभा सांसदों ने राज्यसभा के कुल 58 सांसदों के साथ एक राय होकर गुजरात हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्री जे.डी. पारदीवाला के विरूद्ध उनके द्वारा न्यायिक निर्णय में की गई आरक्षण एवं भ्रष्टाचार विरोधी टिप्पणी के लिए महाअभियोग लाने का प्रस्ताव राज्यसभा अध्यक्ष को सौपा है।

भारतीय संविधान की यह सर्वविदित संविधानिक व्यवस्था है कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका, तीनो प्रजातांत्रिक स्तम्भों को पूरी स्वतंत्रता के साथ अपने क्षेत्र में कार्य करने का अधिकार है। यह भी सार्वजनिक तथ्य है कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय को संविधान के प्रावधानों की समीक्षा करने और उनका निर्वचन करने का अधिकार है। इस समय पूरे देश में आरक्षण एवं भ्रष्टाचार से संबंधित सैकड़ों याचिकाएँ लम्बित है, ऐसी परिस्थितियों में उपरोक्त सांसदों द्वारा एक राय होकर एक राष्ट्रवादी कर्तव्यनिष्ठ न्यायधीश के विरूद्ध महाअभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करके अपने पद का दुरूपयोग करते हुये देश के सैकड़ों राष्ट्रवादी एवं कर्तव्यनिष्ठ न्यायधीशों को प्रत्यक्ष रूप से डराने, धमकाने ओर भयभीत करने का कृत्य है ताकि वें संविधान प्रदत कर्तव्यों का निर्वहन स्वतंत्रता एवं निर्भिकता के साथ नहीं कर सके। दूसरी ओर यह कृत्य पूरे देश में जातिगत उन्माद फैलाकर करोड़ों लोगों को जातिगत संघर्ष में धकेल कर व्यापक स्तर पर मारकाट फैला कर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करके अपने निजी स्वार्थो की पूर्ति का प्रयास है। यह सभी कृत्य राजद्रोह है, देशद्रोह है, अविधिक एवं असंवैधानिक भी होने के कारण इन सासदों द्वारा ली गई संविधान रक्षा की शपथ का उल्लंघन है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक राष्ट्रवादी राजनैतिक पार्टी है, जो जातिगत और साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने के या राष्ट्रद्रोह/देशद्रोह के किसी कृत्य का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन नहीं कर सकती है। अतः आपसे प्रार्थना है कि आप सात दिवस के अन्दर :–

1. कृपया कांग्रेसी सांसदों को ऐसे द्रेशद्रोही कृत्य से तत्काल हटने को निर्देशित करे तथा इस आशय का उनका लिखित आवेदन राज्यसभा अध्यक्ष को दिलवाते हुये पूरी तरह सार्वजनिकतौर पर प्रचारित करे।
2. यदि वे उपरोक्त बिन्दु 1 में याचित कार्य नहीं करते है तो आप उन्हें कांग्रेस पार्टी से तत्काल बर्खास्त करे।
3. यदि आप उपरोक्त दोनों में से एक भी कार्य नहीं कर पाती है तो समता आन्दोलन कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्थान राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आपका (श्रीमती सोनिया गांधी का) पुतला दहन करके कांग्रेस पार्टी को देशद्रोहियों की पार्टी प्रचारित किया जावेगा। तत्काल सकारात्मक कार्यवाही की अपेक्षा में

आपका शुभाकांक्षी,

( पाराशर नारायण )
अध्यक्ष

प्रतिः– सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों को प्रेषित कर अनुरोध है उपरोक्त 58 सांसदों को देशद्रोह व राजद्रोह का अपराध करने से रोके ताकि संसद व सांसदों की गरिमा बनी रह सके।

पम्पलेट का प्रारूप :–

हर इंसान–एक समान | एक राष्ट्र–एक जान | मेरा भारत महान

## राष्ट्रवादी नागरिकों से
## :: अपील ::

नागरिक बंधुओं,

आप जानते है कि गुजरात हाईकोर्ट के आरक्षण विरोधी निर्णय देने वाले न्यायाधीश श्री जे.डी.पारदीवाला के खिलाफ राज्य सभा के 58 सांसदों ने महाभियोग का प्रस्ताव राज्यसभा अध्यक्ष को प्रस्तुत किया है। इन सभी 58 सांसदों में आधे से ज्यादा सांसद कांग्रेस के है। एक राष्ट्रवादी पार्टी के सांसदों द्वारा जातिवादी राजनीति करते हुये अपने पद का दुरूपयोग करते हुये न्यायपालिका को आतंकित करने के दुराशय से महाभियोग प्रस्ताव लाना देशद्रोह है, अक्षम्य अपराध है।

इसीलिए समता आन्दोलन की ओर से श्रीमती सोनिया गांधी को ज्ञापन भेजकर आग्रह किया गया था कि वे अपने सांसदों को इस अपराधिक कृत्य से अलग कर लेवें। अन्यथा पूरे राजस्थान के 33 जिला एवं 270 तहसील मुख्यालयों पर उनका पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जावेगा। इस क्रम में राजस्थान के सभी जिला एवं तहसील/ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्षों के मार्फत भी ज्ञापन भेजे गये थे लेकिन श्रीमती सोनिया गांधी अथवा कांग्रेस पार्टी की ओर से इन 58 सांसदों के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं की गई है।

अतः संविधान की रक्षा करने के लिए, न्यायपालिका की गरिमा बनाये रखने के लिए तथा कांग्रेस का जातिवादी चेहरा उजागर करने के लिए दिनांक 16 फरवरी 2016 को दोपहर 1.15 बजे स्थानीय —————— पर श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला दहन किया जावेगा।

आप सभी से प्रार्थना है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनावें।

धन्यवाद

निवेदक
समता आन्दोलन समिति

---

प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप :–

## जातिवादी राजनीति की पोषक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला दहन दिनांक 16.02.2016 को होगा।

सभी प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया से आये प्रतिनिधियों का स्वागत है। आप सभी जानते है कि गुजरात हाईकोर्ट के जातिवादी आरक्षण विरोधी निर्णय देने वाले न्यायाधीश श्री जे.डी.पारदीवाला के विरूद्ध कांग्रेसी सांसदों के नेतृत्व में 58 राज्यसभा सांसदों द्वारा राज्यसभा अध्यक्ष के समक्ष महाभियोग प्रस्ताव लाये जाने का समता आन्दोलन द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है तथा कांग्रेस को इस देशद्रोही कृत्य से पृथक करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में अब तक निम्न प्रयास किये जा चुके है:–

1. दिनांक 19.12.2015 को श्रीमती सोनिया गांधी को ज्ञापन भेजा गया है जिसकी प्रति संसद के सभी 795(545+250) सांसदों को भेजी गई। (प्रति संलग्न है)
2. दिनांक 30 एवं 31 जनवरी को उपरोक्त ज्ञापन की प्रति राजस्थान के सभी जिला एवं तहसील कांग्रेस अध्यक्षों की मार्फत श्रीमती सोनिया गांधी को भेजी गई।
3. दिनांक —————— को राजस्थान के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर कुल 3.00 लाख पम्पलेट वितरित करके जनता को जागरूक किया गया।(पम्पलेट प्रति संलग्न है)

अभी तक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा हमारे ज्ञापनों पर कोई कार्रवाही नहीं की गई है। जिससे पूरी तरह स्पष्ट है कि न्यायपालिका का आतंकित करने और जातिवादी राजनीति करने की राष्ट्रद्रोही कार्रवाही कांग्रेसी सांसदों द्वारा श्रीमती सोनिया गांधी के इशारे पर ही की जा रही है। अतः अब सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन के लिए दिनांक 16.02.2016 को स्थानीय—————————— पर दोपहर 1.15 बजे श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला दहन किया जायेगा।

अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष/महामंत्री